# हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

पत्रांकः 2163 /अभि01(क)/2024–25 दिनांक 02/09/2024

## निविदा सूचनाः–

उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की ओर से उद्यानीकरण / सौन्दर्यीकरण/लैण्डस्केपिंग कार्यों में दक्ष/अनुभवी फर्म से टू–बिड़ सिस्टम के अन्तर्गत (तकनीकी एवं वित्तीय) जो आयकर एवं जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत हो से उल्लेखित विभिन्न कार्यों हेतु निविदा दिनांक 19.09.2024 में निविदा पेटी (ऑफलाईन) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें नियत तिथि को अपरान्ह् 2:00 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में रखे सील बन्द निविदा बॉक्स/पेटी के माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदायें 02 पृथक–पृथक प्रणाली तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के रूप में आमंत्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा 02 अलग–अलग लिफाफों में सील बन्द कर एक लिफाफे में डालकर कार्य का नाम, फर्म का नाम, फर्म का नाम अंकित कर अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तकनीकी निविदा में निविदादाता द्वारा उल्लेखित शर्तों के अनुसार तकनीकी दस्तावेजों के साथ डाली जायेगी तथा वित्तीय निविदा में निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र पर निर्धारित स्थानों पर हस्ताक्षर कर वित्तीय दर के साथ प्रस्तुत की जायेगी। उक्त कार्य की पहले तकनीकी बिड़ जो उसी दिन अपरान्ह् 3:00 बजे के बाद निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड़ खोली जायेगी। उक्त निविदायें दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 तक कार्य दिवस में अपरान्ह् 1:00 बजे तक निर्धारित धनराशि पर प्राधिकरण कार्यालय निकट तुलसी चौक, मायापुर, हरिद्वार स्थित लेखानुभाग से कय की जा सकती है। धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी के रूप में होगी, जो अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के नाम 90 दिनों तक बन्धक हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी। कार्यो का संबंधी विवरण तथा शर्तें निम्नवत् हैः–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख में) | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रूडकी स्थित मंदाकिनी कॉलोनी में पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 25.00 | 75,000.00 | 2600.00 | 03 माह |
| 02 | ओपन एयर जिम इक्यूपमेंटस एवं प्ले इक्यूपमेंटस की आपूर्ति एवं फिक्सिंग का कार्य। | 24.97 | 75,000.00 | 2360.00 | 03 माह |
| 03 | रूडकी स्थित आकाशदीप पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य। | 17.20 | 52,000.00 | 2360.00 | 02 माह |
| 04 | डाम कोठी नं०–02 एवं हाईकोर्ट गेस्ट हाउस मायापुर, हरिद्वार के समीप पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य। | 7.57 | 23,000.00 | 1180.00 | एक माह |
| 05 | रूडकी स्थित निशु एन्कलेव पार्क में ओपन एयर जिम इक्यूपमेंटस, चिल्ड्रन/प्ले इक्यूपमेंटस एवं सोलर लाइट्स की आपूर्ति एवं फिक्सिंग का कार्य | 6.41 | 19,500.00 | 1180.00 | एक माह |
| 06 | शिवालिक नगर म0सं0 एस–415 के सामने स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य | 21.30 | 64,000.00 | 2360.00 | 03 माह |
| 07 | शान्तिपुरम् कालोनी जगजीतपुर हरिद्वार के वार्ड सं0–58 स्थित पार्क नं0–02 का सौन्दर्यीकरण कार्य | 12.25 | 37,000.00 | 1770.00 | 02 माह |

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 | आर0के0 पुरम कालोनी, बहादराबाद स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य | 14.04 | 42,500.00 | 1780.00 | 02 माह |
| 09 | अमन एन्कलेव कालोनी, बहादराबाद के शिव मन्दिर के समीप स्थित पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य | 8.22 | 25,000.00 | 1180.00 | 01 माह |
| 10 | द्वारिका विहार कालोनी, बहादराबाद स्थित पार्क के उद्यानीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 16.21 | 49,000.00 | 2360.00 | 02 माह |

अधिशासी अभियन्ता,
हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

**फर्म/ठेकेदार द्वारा कार्य हेतु प्रस्तुत तकनीकी शर्तेः–**

1. फर्म के पास उद्यानीकरण / सौन्दर्यीकरण (लैण्डस्केप/ होर्टिकल्चर) के कार्य का किसी भी सरकारी संस्थानों/ भारत सरकार/राज्य /निगमों/प्राधिकरणों का वित्तीय वर्ष 2024–25 से पूर्व पिछले 05 वित्तीय वर्षो में निविदा लागत के 80 प्रतिशत की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) का कम से कम एक कार्य का अनुबन्ध अथवा निविदा लागत के 50–50 प्रतिशत धनराशि के दो कार्य अनुबन्ध अथवा 40–40 प्रतिशत से अधिक धनराशि के तीन कार्य अनुबन्धों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया हो का Work Done Completion Certificate प्रस्तुत करना होगा।
2. जी0एस0टी0 की पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
3. पैन कार्ड की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
4. धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के पक्ष में निर्धारित धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी, जिसकी वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात 45 दिन की होनी चाहिये, जिसमें समयावृद्धि की जा सकती है। धरोहर राशि की हार्डकॉपी तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी।
5. फर्म/ठेकेदार द्वारा ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र के साथ–साथ जमा किये जा रहे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधी शपथ पत्र नोटराइज करते हुये रू0– 100.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा।
6. वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 का आयकर विवरण प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
7. निविदा की वैधता 90 दिनों (03 माह) तक मान्य हेतु फर्म/ठेकेदार को उत्तराखण्ड राज्य के रू0–100.00 के स्टाम्प प्रपत्र पर उल्लिखित करते हुए नोटराइज कर प्रस्तुत करना होगा।
8. निविदादाता को सी0ए0 द्वारा सत्यापित पिछले 03 वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 का टर्नओवर पृथक शीट में संलग्न करना होगा। उक्त तीनों वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा लागत के 100 प्रतिशत के बराबर/अधिक होना चाहिये।
9. फर्म/ठेकेदार का विवरण, जैसेः–नाम, पता, निविदा आई0डी0 कमांक, ई–मेल आई0डी व व्हाट्सएप नं0 स्पष्ट रूप से लेटर हेड पर प्रस्तुत करना होगा।
10. सफल/न्यूनतम वित्तीय निविदादाता द्वारा कार्य अनुबन्ध हेतु उत्तराखण्ड राज्य के 100+100 का स्टाम्प प्रपत्र तथा परफोरमेंस गारन्टी/अतिरिक्त परफोरमेंस गारन्टी एफ0डी0आर0 के रूप में शासनादेश संख्या–6447 दिनांक 02.01.2013 के तहत् जमा करनी होगी।
11. निविदादाता को निविदा मूल्य की डी0डी0 व धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 सील बन्द लिफाफे में बन्द कर जमा कराना अनिवार्य है। लिफाफे के बाहर कार्य का नाम, कार्य का टेण्डर आई0डी0 संख्या, फर्म/ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।
12. फर्म/ठेकेदार के रंनिग बिल/अंन्तिम बिल से नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, लैबर सेस, जमानत धनराशि आदि की कटौती की जायेगी।
13. कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त कार्य को निर्धारित अवधि में मानकों एवं विशिष्टियों के अनुसार पूर्ण कराना होगा। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में नियमानुसार जुर्माना/पैनाल्टी/विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
14. प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य हेतु समस्त भुगतान मूल्यांकन एवं सत्यापन उपरान्त ही किया जायेगा। इंजीनियर–इन–चार्ज के निर्देशों के कम में स्थलानुसार कार्य की मात्राओं में घटौतरी/बढ़ौतरी, जो भी सम्भव हो कराया जायेगा, जो कि कार्यदायी फर्म/ठेकेदार को मान्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

16. प्रत्येक निविदादाता को एक कार्य के लिये एक ही निविदा डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा डालने पर निविदादाता को अयोग्य घोषित किया जायेगा।
17. असफल निविदादाता की धरोहर राशि प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के 45 दिन के भीतर अवमुक्त की जायेगी।
18. निविदादाता को निविदा संबंधित समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये जाने अनिवार्य है।
19. निविदा की गुणवत्ता से समझौता किये बिना निविदादाता की प्रपत्र सम्बन्धी किसी भी कमी को इग्नोर करने का अधिकार निविदा समिति का होगा।
20. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार का निर्णय मान्य होगा असहमति की दशा में न्यायिक क्षेत्र जनपद–हरिद्वार रहेगा।
21. किसी भी प्रपत्र के निर्णय के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार निर्णय लिया जायेगा।
22. निविदादाता लेखानुभाग से क्रय किये गये निविदा प्रपत्र का अवलोकन/अध्ययन भी भली भाँती कर लें, निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तें भी अमल में लायी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

| क0सं0 | तकनीकी दस्तावेज का विवरण | पृष्ठ कमांक/विवरण |
|---|---|---|
| 1. | फर्म के पास उद्यानीकरण / सौन्दर्यीकरण (लैण्डस्केप/ होर्टिकल्चर) के कार्य का किसी भी सरकारी संस्थानों/ भारत सरकार/राज्य /निगमों/प्राधिकरणों का वित्तीय वर्ष 2024-25 से पूर्व पिछले 05 वित्तीय वर्षो में निविदा लागत के 80 प्रतिशत की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) का कम से कम एक कार्य का अनुबन्ध अथवा निविदा लागत के 50-50 प्रतिशत धनराशि के दो कार्य अनुबन्ध अथवा 40-40 प्रतिशत से अधिक धनराशि के तीन कार्य अनुबन्धों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया हो का Work Done Completion Certificate प्रस्तुत करना होगा। | |
| 2. | जी0एस0टी0 की पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा। | |
| 3. | पैन कार्ड की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा। | |
| 4. | धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के पक्ष में निर्धारित धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी, जिसकी वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात 45 दिन की होनी चाहिये, जिसमें समयावृद्धि की जा सकती है। धरोहर राशि की हार्डकॉपी तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी। | |
| 5. | फर्म/ठेकेदार द्वारा ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र के साथ-साथ जमा किये जा रहे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधी शपथ पत्र नोटराइज करते हुये रू0- 100.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा। | |
| 6. | वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 का आयकर विवरण प्रस्तुत/संलग्न करना होगा। | |
| 7. | निविदा की वैधता 90 दिनों (03 माह) तक मान्य हेतु फर्म/ठेकेदार को उत्तराखण्ड राज्य के रू0-100.00 के स्टाम्प प्रपत्र पर उल्लिखित करते हुए नोटराइज कर प्रस्तुत करना होगा। | |
| 8 | निविदादाता को सी0ए0 द्वारा सत्यापित पिछले 03 वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 का टर्नओवर पृथक शीट में संलग्न करना होगा। उक्त तीनों वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा लागत के 100 प्रतिशत के बराबर/अधिक होना चाहिये। | |
| 9 | फर्म/ठेकेदार का विवरण, जैसेः-नाम, पता, निविदा आई0डी0 कमांक, ई-मेल आई0डी व व्हाट्सएप नं0 स्पष्ट रूप से लेटर हेड पर प्रस्तुत करना होगा। | |

फर्म/ठेकदार के हस्ताक्षर/मोहर

EE